ManaBadi.com It's Ours

# 10th CLASS MARCH – 2020
# HINDI

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 100

**भाग – 'I'**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** **12 x 1 = 12 M**

1. लेखक को गोदावरी मैया का दर्शन हुआ । (रेखांकित शब्द का सही तत्सम रूप पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| माता | माया | माथा |

2. रघुनाथराव तेजी से प्रवेश करता है । (क्रियाविशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)
3. 1527.........हिन्दी अक्षरों में लिखिए ।
4. अमीना .... क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया । (का, के, की.........इनमें से सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए ।)
5. कणक - कणक तैं सौ गुनी, मादकता अधिकाइ । (वाक्य के आधार पर सही जोड़ी पहचानकर लिखिए ।)
   कणक - कणक - द्वंद्व समास
   सौ गुनी - द्विगु समास
6. नदी के पानी में उन्माद था । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)
7. जो पढ़ना - लिखना जानता हो । (एक शब्द में लिखिए ।)
8. 'दिल बैठ जाना' - (इस मुहावरे का अर्थ निम्न में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| पुलकित होना | धीरज बाँधना | निराश होना |

9. लेखक चेन्नई से राजमहेंद्री जा रहा है । (लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)
10. तालाब में मछली तैर रही है । (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)
11. हम विलासिता में डूब गये हैं । (इस वाक्य को भविष्यत काल में बदलकर लिखिए ।)
12. वह उसके घर जाता है । (इस वाक्य को शुद्ध कीजिए ।)

**13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर अनुच्छेद में से ही पहचानकर लिखिए ।** **4 x 1 = 4 M**

एक छात्र होने के नाते आप जिस कक्षा में भी पढ़ते हों, उसमें आगे बढ़ने के लिए खूब परिश्रम करें । अपने जीवन में पहले एक लक्ष्य बनाएँ । फिर उसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और अनुभव प्राप्त करें । बाधाओं से लड़ते हुए उन पर विजय प्राप्त करें । निरंतर प्रयत्नशील रहते हुए सबसे बढ़िया काम करने की ओर बढ़ते रहें । साथ ही नैतिक मूल्यों को भी ग्रहण करें ।

**प्रश्नः**

1. मेहनत का पर्याय शब्द लिखिए ।
2. घटिया का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।
3. 'वि' उपसर्ग से युक्त शब्द पहचानकर लिखिए ।
4. 'इक' प्रत्यय से युक्त शब्द पहचानकर लिखिए ।

**14. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** **4 x 1 = 4 M**

मिठाई की दुकानों के बाद लोहे की चीज़ों की दुकानें आती हैं । कई चिमटे रखे हुए थे । हमिद को ख्याल आता है कि, दादी के पास चिमटा नहीं है । तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाते हैं । अगर चिमटा ले जाकर दादी को दे दें, तो वह कितनी प्रसन्न होगी ।

**प्रश्न :**

Disclaimer: This Question paper is purely for preparation purpose only. Manabadi.com is no where claiming this to be the Main Examination Paper.

ManaBadi.com It's Ours
www.Manabadi.co.in

1) मिठाई की दुकानों के बाद किन चीज़ों की दूकानें आती हैं ?
2) तवे से क्या उतारी जाती हैं ?
3) हामिद को किसका ख्याल आता है ?
4) प्रसन्न का विलोम शब्द क्या है ?

**15. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए ।** **4 x 1 = 4 M**

महाभारत काल की बात है । राजा जनमेजय ने अपने पिता महाराज परीक्षित के हत्यारे को पकड़ने के लिए गुप्तचरों को नियुक्त किया था । जब उन्हें मालूम हुआ कि परीक्षित का हत्यारा नाग जाति का युवक तक्षक है, तब वे आग बबूला हो जाते हैं । तक्षक को पकड़ने का प्रयत्न किया गया । पर वह पकड़ा नहीं गया । इससे क्रोध में आकर हस्तिनापुर के राजा जनमेजय ने समस्त नागों की हत्या करना आरंभ किया ।

**प्रश्न :**

1. परीक्षित के पुत्र का नाम क्या है ? [ ]
   A) जनमेजय B) आस्तिक C) जगमेजय D) तक्षक
2. परीक्षित की हत्या किसने की ? [ ]
   A) आस्तिक B) जनमेजय C) तक्षक D) मनमेजय
3. राजा जनमेजय किस राज्य के राजा थे ? [ ]
   A) अयोध्या B) पाटलीपुत्र C) हस्तिनापुर D) इंद्रप्रस्त
4. उपर्युक्त गद्यांश किस काल की कहानी है ? [ ]
   A) रीतिकाल B) भक्तिकाल C) महाभारत काल D) आधुनिक काल

**16. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** **4 x 1 = 4 M**

ऊँच - नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे ।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे ।।
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे ।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

**प्रश्न :**

1. भारतवासी दिल में क्या बसायेंगे ?
2. विश्वास जगाने के लिए किसे भगाना चाहिए ?
3. भारतवासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं ?
4. ''निराशा'' का विलोम शब्द क्या है ?

**17. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए ।** **4 x 1 = 4 M**

मैया मोरि मैं नहिं माखन खायो,
भोर भयो गैयन के पाछे मधुबन मोहि पठायो ।
चार पहर बंसीबट भटक्यो साँझ परे घर आयो,
मैं बालक बहिंयन को छोटो छींको केहि विधि पायो,
ग्वाल बाल सब बैर परे हैं बरबस मुख लपटायो,
यह ले अपनी लकुटी कमरिया बहुतहि नाच नचायो ।
तब बिहंसी जसोदा, ले उर कंठ लगायो ।।

Disclaimer: This Question paper is purely for preparation purpose only. Manabadi.com is no where claiming this to be the Main Examination Paper.

ManaBadi.com™ It's Ours
www.Manabadi.co.in

प्रश्न :

1. कृष्ण किन से बातें कर रहे हैं ? [ ]
A) सीता B) यशोदा C) देवकी D) पार्वती

2. कृष्ण गायों को चराने कहाँ जाते हैं ? [ ]
A) मधुबन B) शांतिवन C) राजवन D) सुंदरवन

3. कृष्ण घर कब लौटते हैं ? [ ]
A) सुबह B) दोपहर C) शाम D) रात

4. कृष्ण की बाहें कैसी हैं ? [ ]
A) छोटी B) मोटी C) चौड़ी D) लंबी

18. निम्न विज्ञापन पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए । 4 x 1 = 4 M

विज्ञापन




प्रश्न :

1. यह विज्ञापन किस की ओर से दिया गया है ? [ ]
A) भारत सरकार B) आंध्रप्रदेश सरकार C) अमेरिका सरकार D) तेलंगाणा सरकार

2. हमें कूड़ा कहाँ डालना चाहिए ? [ ]
A) तालाब में B) सड़क के किनारे पर C) खुली जगह में D) कूड़ेदान में

3. यह विज्ञापन किस मंत्रालय द्वारा दिया गया है ? [ ]
A) शिक्षा मंत्रालय B) वित्त मंत्रालय
C) सड़क एवं परिवहन मंत्रालय D) पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

4. यह विज्ञापन किस मिशन के अंतर्गत दिया गया है ? [ ]
A) विकास मिशन B) सर्व शिक्षा मिशन C) स्वच्छ भारत मिशन D) पर्यावरण संरक्षण मिशन

2 x 4 = 8 M

Disclaimer: This Question paper is purely for preparation purpose only. Manabadi.com is no where claiming this to be the Main Examination Paper.

ManaBadi.com TM It's Ours
www.Manabadi.co.in

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर छः पंक्तियों में लिखिए ।**

19. वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य पर अपने विचार लिखिए ।

20. भारत देश को स्वतंत्र कराने में हिन्दी भाषा का क्या योगदान रहा होगा ?

**भाग – 'II'**

II. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** **8 x 2 = 16 M**

21. हम भटकने वालों को राह कैसे दिखा सकते हैं ?

22. श्रीकृष्ण के प्रति मीरा की भक्ति कैसी है ?

23. लोकगीत और संगीत का क्या संबंध है ?

24. जासूसी यान से क्या तात्पर्य है ?

25. बच्चों के लिए टेसी थॉमस का संदेश क्या है ?

26. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

27. राजु ने अपने स्कूल को किस तरह उपहार समर्पित किया ?

28. राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई होगी ?

**भाग – 'III'**

II. **निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

अ) किसी एक प्रश्न का उत्तर 12-15 पंक्तियों में लिखिए । **1 x 8 = 8 M**

29. मेहनत ही सफलता की कुँजी है । 'कण - कण का अधिकारी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

30. मीराबाई ने अपने गुरु की महिमा का वर्णन किस प्रकार किया है ?

आ) किसी प्रश्न का उत्तर 12-15 पंक्तियों में लिखिए । **1 x 8 = 8 M**

31. वीरांगना लक्ष्मीबाई देश भक्ति की एक अद्‌भुत मिसाल थी । स्पष्ट कीजिए ।

32. कलाम के विचार में ''आदर्श छात्र'' के गुण क्या हैं ?

इ) **संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए ।** **1 x 8 = 8 M**

33. चूहे बिल्ली से परेशान - उपाय खोजने के लिए सभा - घंटी बाँधने का फैसला - घंटी मंगाना - बाँधने के लिए तैयार होना - बिल्ली का आना - चूहे - डर भाग गए ।

ई) किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए । **1 x 8 = 8 M**

34. तुम्हारी साइकिल की चोरी हो गयी है । शिकायत करते हुए थानेदार के नाम पत्र लिखिए ।

35. अपनी पाठशाला में मनाये गये वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

Disclaimer: This Question paper is purely for preparation purpose only. Manabadi.com is no where claiming this to be the Main Examination Paper.

ManaBadi.com It's Ours
www.Manabadi.co.in

उ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 1 x 8 = 8 M

36. विकसित भारत में कृत्रिम उपग्रहों का क्या योगदान है ?

37. 'गणतंत्र दिवस' कैसे मनाया जाता है ? लिखिए ।

Disclaimer: This Question paper is purely for preparation purpose only. Manabadi.com is no where claiming this to be the Main Examination Paper.